आज सुबह से ही तबीयत कुछ भारी भारी सी हो रही है। सिर में दर्द—बदन में पीडा। आंखो में कितनी वेदना हो रही है आज। कुछ नही चाहिए उसे। जैसे जीवन का हर दाव हार कर एक कोने में बैठकर रोने को जी चाहता है। असीम क्षोभ और अटूट खीझ! लगता है, अग अग टूट रहा है।

'आज खाना नही खायेंगी क्या रम्भा?'

थोडी देर पहले माजी पूछ गई हैं।

'नहीं।'

वह नकारात्मक उत्तर देती है, जिसे सुनकर कुछ देर तक माजी चुप रहती हैं फिर चिंतित मुद्रा बनाकर उल्टे परो लौट जाती हैं। वे उसकी घुटन को क्या समझें?

आज दिन के मारे कार्यों से निवृत्त होकर माजी बरामदे में बैठी

किया—'बेचारे को जब से पता चला होगा उसके घर म चूल्हा भी नहीं जला होगा।

जलगा कस ! ' दूसरी पडोसन चटखारे लेकर बोली—"कलमुही ने सात जन्म का वर चुकाया है।'

पहली पडोसन को भी इस प्रसग म विशेष रस आने लगा। वह पीछे क्या रहती !

'आजकल की इन पढी लिखी छोकरियो की तो मति ही भ्रष्ट हो गई। अपने आगे ये किसी को कुछ नही समझती।

'अरे हा ! इनकी मर्जी के बगर अगर कही शादी तय करदो तो मुश्किल।'

'और मर्जी से शादी तय करो तो दहेज का झझट।'

"हा भई। कोई एक मुसीबत है, जो बयान करें।

'य पढी लिखी लडकिया तो एक तरह से जी का जजाल है।'

'कुछ न पूछो। बस स्कूल जाने के बहाने आखें लडाती फिरती है।

और आख लडी नहीं फिर बिना किसी प्रकार का आगा पीछा सोच अपने मन पसन्द प्रेमी के सग भाग जाती है।"

राम राम ! एसा सोचना भी पाप है।

माजी क मह से हठात विकल नि श्वास निकल पडी।

तुम सोचने की बात करती हो, पर वह चिडिया की तरह पख लगाकर उड गई।

पडोसन हस पडा।

उड गई भाग गई !'

'जी हा। मैं घर से भागी हुई हू !

रम्भा का क्षोम एक दम फट पडा। यद्यपि उस सूने कमरे म उसकी यह तीखी और क्रोध पूण कण्ठ ध्वनि सुनने के लिये कोई भी उपस्थित नही है तथापि उसके खीझ भरे मन का यह आक्रोश वगवती जल धारा की भाति एकाएक फूट पडा है।

क्या न भागू ! जब चारा ओर शत्रु ही शत्रु दृष्टिगत होते हैं, तो किसका धय चुक न जाए। जहा आत्म सम्मान पर निमम आघात हा, जहा सपना का बसन्त असामयिक पतझड के प्रभाव से शून्य हो जहा आशाओं क कमल खिलने से पूव मुरझा गये हा—वहा भला जीवित भी कसे रहा जाए ! इस प्रकार का शत्रुवत व्यवहार किसी भी अवस्था म सत्य नही है और वह उत्तेजित करन के लिये पर्याप्त है। प्रतिक्रिया स्वरूप यदि विद्रोह का स्वर मुखर हा जाए तो इसम आश्चय क्या !

' प्राय नई पीढी पर य गम्भीर आरोप लगाये जाते हैं कि वह अनुशासन हीन उच्छ खल अकमण्य तथा सहनशीलता रहित हैं। उनक हृदय म बडो के प्रति आदर बराबर वालो के प्रति मत्री भाव तथा छोटा के प्रति स्नेह का सवथा अभाव है। परतु समाज के उन कणधारो स कोई नहीं पूछता कि इसम दोष किसका है ? कौन है जो नई पीढी की राह म —उसकी जिदगी क प्रत्यक मोड पर—काटों के जाल बिछा रहे हैं। पग पग पर अग्नि परीक्षा ! कदम कदम पर लक्ष्मण रेखाओ का घेराव ! कहा शाप-ग्रस्त अहल्या की भाति शिलाखण्ड बनकर जड पडे हैं ! कहा द्रोपदी की भाति चीर हरण क अपमान की यत्रणा से पीडित हैं। क्या है यह

सब ? ओह ! आज उनकी सकीर्ण मनोवृत्ति, अविवेकी हृदय तथा रूढि-वादी बुद्धि बेचारी नई पौद की आकाक्षाओं की होली जलाती आ रही है !"

धीरे धीरे रम्भा अतमुखी होकर विचारो की झझा मे बह गई।

" लो, बाबूजी और मा चाहते हैं कि मैं एक एसे अनजान और एक अपरिचित विधुर के साथ विवाह कर लू जो सौभाग्य से एक बच्ची के पिता भी हैं। यद्यपि उनकी अवस्था थोडी अधिक है तथापि परिवार प्रतिष्ठित है। मासिक आय सतोष जनक है। दहेज का झझट बिल्कुल नहीं है। बस, उनकी योग्यता और सुपात्रता के लिये इतना ही पर्याप्त है। मुझे कोई आपत्ति है या नही, इस सम्बन्ध मे पूछने की उन्होने कोई आवश्यकता नही समझी इस विषय मे मेरे क्या विचार हैं, वे सुनने के लिये कदापि तयार नही हैं। असदिग्ध रूप से कहा जा सकता है कि उन की दृष्टि मे मेरी पसन्द-नापसन्द और मेरी खुशी-नाखुशी की कोई कीमत नही—कोई अर्थ नही। क्या मैं सवथा मूल्यहीन प्राणी हू ? क्या मेरी कोई हस्ती नही ? अपनी ओर से कुछ करने की स्थिति में क्या मैं नही हू ? क्या परिवार के सारे लोग मुझे एक पिटी हुई लकीर पर ले जाना चाहते हैं ? क्यो नही मेरे व्यक्तित्व को स्वीकार किया जाता "

रम्भा एकाएक उलझन और उद्विग्नता के एक विराट रेगिस्तान मे भटकती है, जहा धूल भरी आधी के अतिरिक्त कुछ भी नही हैं।

' भावनाओ का ऐसा कटु तिरस्कार भला कौन सहन करे ! वास्तव मे मेरे व्यक्तित्व मे एक प्रकार की तीक्ष्णता है—तडप है। मैं कुछ कर गुजरना चाहती हू। अपने पथ का निर्माण मैं स्वय करना चाहती हू। लेकिन घर वाले तो मेरी इच्छा के विरुद्ध मेरे परो मे बेडिया डाल देना चाहते हैं। इस पर मेरा विद्रोही मन चीख पडे तो इसमे अचम्भा कैसा ! यह प्रतिक्रिया स्वाभाविक है—सगत है।

' जब यह विरोध का स्वर मा के कानो मे पडा तो वे बरसाती नदी की भाति उफन पडी जसे प्रलय होने जा रहा है। वे रोष मे मर्यादा

का भी अतिक्रमण कर गई और मुंह में जो आया, वे उल्टा सीधा बकती चली गईं। परन्तु अब बेटियां एक कोने में बैठ कर आंसू बहाने के लिये ही केवल विवश नहीं हैं। वह युग बीत चुका। वे आत्म सम्मान की रक्षा करना भी जानती हैं। प्रत्येक अन्याय का प्रतिकार करना भी उन्हें आता है और "

बेटी रम्भा! मैं थोड़ी देर के लिये पड़ोस में बाहर जा रही हूं, जरा ख्याल रखना।"

कमरे में प्रवेश करते हुए माजी ने कहा।

मैं शीघ्र ही लौट आऊंगी।

विचारों की वह वेगवती धारा मानो एक कठोर चट्टान से टकरा कर अकस्मात् छिन्न भिन्न हो गई। अब तो रम्भा का तमतमाया हुआ चेहरा किंचित शिथिल और क्लान्त प्रतीत हो रहा है। लग ऐसा रहा है कि तलैया का उफनता जल पुनः सामान्य होने जा रहा है वेगहीन आवेगहीन।

रम्भा ने झुकी हुई दृष्टि ऊपर उठाई। वह गर्दन हिलाकर आहिस्ता से बोली— जी, अच्छा।

माजी चली गईं। रम्भा टकटकी लगाकर उनकी पीठ को तकती रही। अचानक उसके अन्तस में एक आंधी का अकल्पित झोंका उमड़ आया। वह वक्र मुस्कान लेकर विरक्ति एवं घृणा के स्वर में बड़बड़ाई— विधुर पुरुष! हुंह! विचित्र विडम्बना है प्रत्येक पुरुष चाहता है कि उसकी पत्नी के रूप में स्त्री अपना अक्षत कौमार्य को लेकर ही आये इसके विपरीत वह स्वयं क्या अपने ब्रह्मचर्य का पालन करता है?"

रम्भा क्रोध में बड़बड़ाती हुई उठी और शीघ्र ही कन्हार के कमरे में चली गई जहां उसके अस्त व्यस्त पड़े सामान को सुव्यवस्थित करने में प्रयत्नशील हो गई किन्तु आभ्यन्तरिक अवस्था इतनी अशान्त है—इतनी विक्षुब्ध है कि कुछ करते बनता ही नहीं।

हठात एक मेज के समीप आकर रम्भा रुक गई। उसका ध्यान एक तस्वीर की ओर आकृष्ट हुआ। बेबी को बाहों की गोदी म थामे केदार को उसने भली भांति पहचान लिया। बच्ची की अवस्था उस समय लगभग तीन चार वर्ष की है। इससे अधिक लगती नहीं।

केदार के पार्श्व म खडी तीखे नाक नक्श वाली युवती को देखकर वह तनिक सोच म पड गई।

"कौन हो सकती है ?"

तभी उसके अधरों पर टेढी मुस्कान की एक चचल मछली कलाबाजी खा गई।

'पगली कहीं की ! क्या यह साधारण सी बात भी समझ म न आ सकी। खेद है निश्चय ही य बेबी की मा है—मा !

इस बीच समस्त अवसाद और कटुता को वह भूलकर एक बार अपनी मूर्खता पर विद्रूप भरी हंसी हस पडी।

यद्यपि आश्चर्य तो इस बात का है कि इतने दिनों तक वह इस कमरे म आती रही फिर भी उसकी दृष्टि इस तस्वीर पर नहीं पडी।

बुद्धू कहीं की !

पुन उसकी दत-पक्ति मौन हंसी के आवेग म चमक उठी।

अब तस्वीर अपने हाथ म लेकर वह ध्यानपूर्वक देखने लगी। बनारसी साडी म लिपटी उस युवती का प्रभावशाली व्यक्तित्व उल्लास एव सौजन्य की अत्यन्त कमनीय मूर्ति नान हो रहा है। उसके बडे बडे नयनों म सौन्दर्य-स्वप्न अजन लगा रहे हैं। उसका गोल मुख मण्डल

एक रंगीन प्रभा से आलोकित है। निश्चय ही उसके अधरों पर सलज्ज वाली मधुर मुस्कान चित्ताकर्षक है।

पता नहीं किस अज्ञात भावना से प्रेरित हो वह दर्पण के सामने खड़ी हो गई। उस युवती की तस्वीर के साथ अपनी तुलना करने का वह लोभ एकाएक संवरण नहीं कर सकी। वह स्तब्ध रह गई। वास्तव में वह तस्वीर वाली महिला सुन्दरता में उससे किसी भी प्रकार कम नहीं है। उसके हृदय में ईर्ष्या का अंकुर फूटा और द्वेषवश मन में झुंझला गई। किन्तु प्रत्यक्ष में उसने यही कहा— रंग अवश्य सांवला होगा जब कि !

रम्भा ने तस्वीर यथास्थान रख दी। अब तो मन के अन्तराल में एक ही बात परिक्रमा कर रही है—सांवला रंग !

सांवला रंग मनोरमा ! सुषमा चपलता और मधुरता का मूर्तिमान स्वरूप। क्षण भर के लिये अपनी इस सहेली को स्मरण करके वह किसी आनन्द पूर्ण अतीत में डूब गई।

मनोरमा कालेज की संगीत मंडली की प्राण। इधर मयूर नृत्य को देखते देखते दर्शक गण ऊब गये। सूक्ष्म भावनाओं के सूक्ष्म प्रकटीकरण का अद्भुत दृश्य उन्हें बिल्कुल नहीं भाया। वास्तव में वे इस प्रतिभा सम्पन्न कलाकार की कला प्रदर्शन को समझ न सके। शीघ्र ही सभी निराश हो गये। इस बीच मनोरमा के मधुर गायन की प्रबल मांग हुई। वह भी गर्व स्फीत से इठलाती और मटकती हुई आल्हाद की मूर्ति बनी मंच पर आ उपस्थित हुई। इन अवसरों पर वह विशेषकर चुस्त और तंग वस्त्र पहनकर आती है ताकि वह सब की आंखों में चुभती रहे। कुछ मन चले दर्शक तो उसके मंच पर आने के बाद ही ताली बजाना आरम्भ कर देते हैं। उनका यह स्नेह प्रदर्शन और कृपा कटाक्ष उसे विचित्र सी प्रसन्नता से विभोर कर जाते हैं। वह अभिमान से भरा भरी उनका अभिवादन स्वीकार करती है।

यह स्पष्ट है कि उसकी यह अदा हृदयों को मुग्ध कर जाती है।

उस समय वह उन्हें रति का साक्षात् अवतार प्रतीत होती है, जो नेत्र धारों से प्रहार कर के सभी को आहत कर जाती है। उसका कौमार्य सौंदर्य के अदभुत स्वप्न ले रहा है। उसकी वाणी म एक प्रकम्पन है गति म उल्लास जनित चचलता है और हाव भाव म है एक हृदय स्पर्शी कटाक्ष। जल धारा मे जैसे एक के पश्चात् एक लहर उठती है, ठीक उसी प्रकार मनोरमा के स्वर का आरोह अवरोह सबको मौन मुग्ध बनाये हुए है—इसम कोई सदेह नही है।

उस दिन रम्भा मनोरमा के इस रूप को देखकर मोहित हो गई। सहसा उसे अपनी सहेली पर गव होने लगा। अब तो वह सोच रही है कि इस स्नेहमयी बाला के तन पर गुलाबी छीट का सूट खूब फब रहा है। शरीर का सावला रग गुलाबी रग के साथ एक विलक्षण कान्ति का दृश्य उपस्थित कर रहा है। उसकी सवरी हुई केश राशि इसमे कपोलो पर बिखरी हुई कुछ लटें उन्नत ललाट, उस पर लगी हुई एक अति सूक्ष्म बिंदी सौंदयाकाश मे शशि के समान मनमोहक छटा उत्पन्न कर रही है। ललाट के नीचे मृग नयना की शोभा और उनके बीच म शुक नासिका, आस-पास सलोने कपाल फिर पतल पतले अधर, उनके बीच म दाडिम के सदृश्य दन्तावली और उससे भी नीचे ठोडी का सुघडता मानो मुस्कान की स्थिति म कपोलो म पडे हुए सुदर गड्ढो को चुनौती दे रहे हो। कला की साधना और स्नेह के वातावरण म पला हुआ मनोरमा का शरीर एक सूक्ष्म गठन एव सयम का परिचय दे रहा है। उसकी लम्बी लम्बी उगलियां इस बात का प्रतीक हैं कि वह पढने-लिखने के अतिरिक्त सिलाई कढाई बुनाई और अन्य गृह-कार्यों म अत्यन्त निपुण है। नाखूनो पर लगी नेल-पालिश बडी स्वाभाविक जान हो रही है। आज विशेष अवसर होने के कारण उसने पावडर रूज नवेण्डर और लिपिस्टिक का भी पूरा उपयोग किया है। अत उसका सावला चेहरा आज अधिक निखरा हुआ कमनीय विदित हो रहा है। उसके सण्डल सज्जित चरण एक चचल गति के केन्द्र हैं।

एक रंगीन प्रभा से आलोकित है। निश्चय ही उसके अधरों पर खेलने वाली मधुर मुस्कान चित्ताकर्षक है।

पता नहीं किस अज्ञात भावना से प्रेरित हो वह दर्पण के सामने खड़ी हो गई। उस युवती की तस्वीर के साथ अपनी तुलना करने का वह लोभ एकाएक संवरण नहीं कर सकी। वह स्तब्ध रह गई। वास्तव में वह तस्वीर वाली महिला सुन्दरता में उससे किसी भी प्रकार कम नहीं है। उसके हृदय में ईर्ष्या का अंकुर फूटा और द्वेषवश मन में झुंझला गई। किंतु प्रत्यक्ष में उसने यही कहा—'रंग अवश्य सांवला होगा जब कि ।'

रम्भा ने तस्वीर यथास्थान रख दी। अब तो मन के अन्तराल में एक ही बात परिक्रमा कर रही है—सांवला रंग!

सांवला रंग-मनोरमा! सुषमा चपलता और मधुरता की मूर्तिमान स्वरूप। क्षण भर के लिये अपनी इस सहेली को स्मरण करके वह किसी आनन्द पूर्ण अतीत में डूब गई।

मनोरमा कालेज की संगीत मंडली की प्राण। इधर मयूर नृत्य को देखते देखते दर्शक गण ऊब गये। इसमें भावनाओं के सूक्ष्म प्रकटीकरण का अद्भुत दृश्य उन्हें बिल्कुल नहीं भाया। वास्तव में वे इस प्रतिभा-सम्पन्न कलाकार की कला प्रदर्शन को समझ न सके। शीघ्र ही सभी निराश हो गये। इस बीच मनोरमा के मधुर गायन की प्रबल मांग हुई। वह भी गर्व स्फीत से इठलाती और मटकती हुई आल्हाद की मूर्ति बनी मंच पर आ उपस्थित हुई। इन अवसरों पर वह विशेषकर चुस्त और तंग वस्त्र पहनकर आती है ताकि वह सब की आंखों में चुभती रहे। कुछ मन चले दर्शक तो उसके मंच पर आने के बाद ही ताली बजाना आरम्भ कर देते हैं। उनका यह स्नेह प्रदर्शन और कृपा कटाक्ष उसे विचित्र सी प्रसन्नता से विभोर कर जाते हैं। वह अभिमान से भरी भरी उनका अभिवादन स्वीकार करती है।

यह स्पष्ट है कि उसकी यह अदा दर्शकों को मुग्ध कर जाती है।

उस समय वह उन्हें रति का साक्षात् अवतार प्रतीत होती है, जो नेत्र द्वारा से प्रहार कर के सभी को आहत कर जाती है। उसका कौमार्य सौंदर्य के अद्भुत स्वप्न ले रहा है। उसकी वाणी में एक प्रकम्पन है गति में उल्लास जनित चंचलता है और हाव भाव में है एक हृदय स्पर्शी कटाक्ष। जल धारा में जैसे एक के पश्चात् एक लहर उठती है, ठीक उसी प्रकार मनोरमा के स्वर का आरोह अवरोह सबको मौन मुग्ध बनाये हुए है—इसमें कोई संदेह नहीं है।

उस दिन रम्भा मनोरमा के इस रूप को देखकर मोहित हो गई। सहसा उसे अपनी सहेली पर गर्व होने लगा। अब वो यह सोच रही है कि इस स्नेहमयी बाला के तन पर गुलाबी छींट का सूट खूब फब रहा है। शरीर का सांवला रंग गुलाबी रंग के साथ एक विलक्षण कान्ति का दृश्य उपस्थित कर रहा है। उसकी संवरी हुई केश राशि, इसमें से कपोलों पर बिखरी हुई कुछ लटें उन्नत ललाट उस पर लगी हुई एक अति सूक्ष्म बिंदी सौंदर्याकाश में शशि के समान मनमोहक छटा उत्पन्न कर रही है। ललाट के नीचे मृग-नयनों की शोभा और उनके बीच में शुक नासिका आस पास सलोने कपोल, फिर पतले पतले अधर उनके बीच में दाड़िम के सदृश्य दन्तावली और उससे भी नीचे ठोडी की सुघड़ता मानो मुस्कान की स्थिति में कपोलों में पड़े हुए सुन्दर गड्ढों को चुनौती दे रहे हों। कला की साधना और स्नेह के वातावरण में पला हुआ मनोरमा का शरीर एक सूक्ष्म गठन एवं संयम का परिचय दे रहा है। उसकी लम्बी लम्बी उंगलियां इस बात का प्रतीक हैं कि वह पत्र लिखने के अतिरिक्त सिलाई कढ़ाई बुनाई और अन्य गृह-कार्यों में अत्यन्त निपुण है। नाखूनों पर लगी नेल-पालिश बड़ी स्वाभाविक प्रतीत हो रही है। आज विशेष अवसर होने के कारण उसने पाउडर स्नो लवेण्डर और लिपिस्टिक का भी पूरा उपयोग किया है। अतः उसका सांवला चेहरा आज अधिक निखरा हुआ कमनीय दिखाई हो रहा है। उसके सैण्डल सज्जित चरण एक चंचल गति के द्योतक हैं।

रम्भा बहुत देर तक उस सौंदर्य धारा में डूबती उतरती रही—मन ही मन छवि की भीनी भीनी गंध लेती रही। वह ऐसी ही अवस्था में न जाने कब तक रहती, किन्तु इस बीच एक दूसरी सहेली ने उसकी तन्द्रा भंग कर दी। उसने झकझोरते हुए कहा—'कहां खो रही हो?

हैं ।'

रम्भा जैसे सोते से जाग गई। वह अपनी इस छिपी हुई चोरी के पकड़ जाने से कुछ-कुछ लज्जित भी है।

'कार्यक्रम कभी का समाप्त हो चुका। वह चहकी— और आप हैं जो बड़े आराम से नींद ले रही हैं।'

रम्भा अपने लज्जा के भाव को छिपाने का प्रयास करते हुए बोली—'ऐसी तो कोई बात नहीं है।'

'ऐसी तो कोई बात नहीं है हुंम!'

उसकी सहेली ने मुंह चिढाया।

'चल!'

एकान्त पाकर तो रम्भा ने मनोरमा को हार्दिक बधाई देकर गले लगाया। शरारत की मुद्रा में उस ने सखी के रक्ताभ कपोल और अधर चूम लिये।

मनोरमा छिटक कर दूर खड़ी हो गई। उसके चेहरे पर एक भाव आ रहा है और दूसरा जा रहा है वह एक शर्मीली मुस्कान लेकर बोली—'बड़ी दुष्ट हो रम्भा!'

'दुष्ट!'

रम्भा का वह नटखट भाव हठात् मुखर हो गया।

'अरी मेरी प्यारी सखी! आज तो मुझे अपनी लड़की होने पर बेहद दुःख है।'

'भला वो कैसे?' मनोरमा ने बड़े भोलेपन से आंखों में जिज्ञासा के भाव लेकर पूछा।

भाव विभोर भंगिमा बनाकर रम्भा कहने लगी—'यदि आज मैं

लड़का होती तो तुझे कहीं ऐसे स्थान पर भगाकर ले जाती जहां ।'

'हिः ऐसा नहीं कहते।' मनोरमा ने चंचल चितवन से कटाक्ष करते हुए उसको टोका।

'ऐ हैं ऐ ह बस, तेरी इस अदा पर तो हम मरते हैं ।'

'अरी अम्म की बच्ची, चुप भी रह।' तनिक रोष प्रदर्शन का अभिनय करते हुए मनोरमा बोली—'अभी मां आ गई तो लैला मजनू की यह नौटंकी खत्म हो जाएगी ।'

'अरे चाची जी इधर ही आ रही है।'

और दोनों खिलखिलाकर हंस पड़ीं।

एक गोरी—एक सावरी !

एक चन्दा—एक चकोरी !

एक मेघ—एक बिजली !

कालेज म भी कई ऐसे शरारती छात्र व छात्रायें होते हैं जो इस प्रकार के नामकरण करने म बडे चतुर होते हैं। उनकी उल्टी खोपडी म ऐसे शब्दों का न जाने कैसे आविष्कार होता है जिन्हें सुनकर हसी आती है और क्रोध भी। यदि भ्रू भग करते हुए उनके समक्ष कभी विरोध प्रकट किया जाए तो वे ढीठ हसकर टाल जाते हैं। कुछ कहने सुनने का उन पर कोई प्रभाव ही नहीं पडता। प्रतिक्रिया स्वरूप वे परिहास म अधिक चिल्लाते हैं—खिल्ली उडाते है।

परन्तु इसका एक सुपरिणाम निकला। दोनो सहेलियां एक दूसरे के अधिक निकट आ गई। दोनो हृदय खोलकर परस्पर बातचीत करतीं। उनके मध्य किसी भी प्रकार की दुर्भावना नहीं कपट नहीं दुराव नहीं। सारी दूरियां नजदीकियों म परिणत हो गईं।

कालेज जाती तो साथ साथ और लौट कर आती तो साथ साथ। लगता है जैसे दो हसनियां जोडा बनाकर उड रही हैं। उनका एक ही पथ है एक ही उद्देश्य है एक ही मजिल है।

एक दिन मनोरमा के अकारण मुस्कराने को लक्ष्य करके रम्भा ने कहा—"क्या बात है मनो, आजकल खिली खिली सी रहती है। सावला चेहरा नमकीन हो गया है ।

एकाएक मनोरमा ठीक ठीक समझ न सकी। यह व्यग है अथवा

परिहास। प्राय रम्भा उसे छेडने की नीयत से इस प्रकार की उक्तिया कहा करती है।

कुछ देर तक मनोरमा इधर उधर की बातें करके टालती रही। यद्यपि शीघ्र ही वह मूल विषय पर आगई। उसने झिझकते हुए कहा—'मेरी शादी निश्चित हो गई है।"

इसके साथ उसके मुख पर उषा की सलज्ज लाली उतर आई।

अरे, कब कहा कस ?'

रम्भा की आखें विस्मय स फल गई।

कुछ क्षणा के पश्चात् वह चिहुक उठी—'हम कुछ पता नही और अन्दर ही अन्दर यह गुपचप कारस्तानी।

मनोरमा बुरी तरह झप गई।

आज रम्भा ने प्रथम बार अनुभव किया कि आन्तरिक प्रसन्नता से सुन्दरता का कितना घनिष्ठ सम्बन्ध है। सावरे चेहरे की पुलक आखो की चमक के साथ घुल मिलकर एक रागात्मक छवि उत्पन्न कर रही है। वह ही ता है जो उसे आकपण के जादू से बाधे हुए हैं। कुवारे सपना से भरी भरी ये मोनी मोटी आख ! उस क्षण वह बस, उसे मुग्ध होकर दखती रही।

उसन बडी बेचनी से पूछा—' मनो ! बता तो सही, वह सौभाग्य शाली पुरुष कौन है ?'

ओह ! तुम बडी वमी हो रम्भा !' निमिष भर मे ही अपूव हर्षोल्लास का गुलाबी रग मनोरमा की सम्पूण मुद्रा मे अभिव्यक्त हो गया।

बता कसी हू ?'

अपनी तीव्र उत्कण्ठा को दबाकर रम्भा ने उसके गाल पर चिकुटी काटी।

'ऊ ई ई ई !

मनोरमा नाटकीय भगिमा म चीख पडी। अब अपनी सखी की ओर वडी वडी आखा म कृत्रिम काध का भाव लेकर बोली-- मान जाओ रम्भा !

ता वता कौन है वह चितचार जा हमारी प्यारी सखी—दुलारी सल्ली की रानो की नींद चुराकर ले गया है ।

अरे ठहर। बताती हू अभी तुझे ।

मनोरमा हम पडी। असल म, रम्भा उसकी वगल म उगली गडाकर गिलगिली करने लगी है। इस कारण से उसका सम्पूण शरीर अस्थिर होकर थिरकन लगा है।

हा वता। कौन हैं वे ?

अपने मन क आवग पर अस्वाभाविक नियत्रण करके मनोरमा ने सयत कण्ठ स उत्तर दिया— वे जयपुर वाल जीजा जी हैं न वे !

और उसने लज्जा क अतिरेक म अपना मुख दोनो हथेलिया से ढक लिया।

क्या ?

लगा मानो वजती हुई सितार का तार किसी आकस्मिक आघात से टूट गया हो। रम्भा असामान्य रूप से गम्भीर हो गई।

स्वर्गीय शान्ति जीजी क पति । शून्य म दृष्टि गडाकर वह अस्फुट स्वर म बोली।

हा !'

हथलिया की ओट स मनोरमा का उल्लसित स्वर हठात् फूट पडा।

दा दिन के पश्चात मनोरमा की रम्भा से पुन भेंट हुई। पहली ही दृष्टि म देखकर वह भला भाति समझ गई कि उसकी सहली आज असाधारण ढग से गम्भीर है। लगता है, जस यह शान्ति—यह मौन किसी भयान तूफान की सुस्पष्ट अग्रिम सूचना दे रह हैं। उसका चिंतित होना स्वाभाविक है। उसने सकोच-पूवक पूछ लिया— क्या बात है

रम्भा ?"

इस पर रम्भा ने अपना मुह दूसरी दिशा मे फेर लिया। स्पष्ट है कि किसी बात पर वह मनोरमा से रुष्ट है। बहुत सोचने के उपरान्त भी उसे उचित कारण समझ म नही आया। अत उसने क्षुण्ण कण्ठ से पुन पूछा— 'क्या बात है रम्भा !"

तनिक ठहर कर झिझकते हुए धीरे से उसने कहा—"मेरे द्वारा ऐसा क्या अन्याय हो गया है जो तू बात करना भी पसन्द नही करती ?"

"अन्याय !"

दीप शिखा की भांति रम्भा सहमा जल उठी। वह कठोर स्वर म गर्जना करने लगी— 'अपनी से दूनी आयु के प्रौढ व्यक्ति के साथ शादी करते हुए तुझे कोई अन्याय नात नही हो रहा है ?"

'हूँ ।"

मनोरमा को एक धक्का सा लगा। उसे स्वप्न मे भी आशा नही थी कि रम्भा उसकी शादी को लेकर इस प्रकार का कडा रुख अख्तियार करेगी। ऐसे व्यवहार की उस कल्पना म भी सम्भावना न थी। उसने डूबते हुए स्वर मे पूछा— मुझ स कोई अनजाने म भूल हो गई है क्या ?'

'हुम् !' रम्भा के होठों पर व्यग्यात्मक मुस्कान खल गई—"भूल की भी तुमने अच्छी पूछी ।'

धीरे धीरे रम्भा की वाणी अत्यन्त तीक्ष्ण हो गई।

' जीजाजी ! हुम् !" इस पर दो बच्चा के बाप। खिचडी हुए बाल। अवस्था प्रौढ। मगर नई नवेली ब्याह कर लाने की तीव्र लालसा। वाह ! यदि बडी बहिन का दुर्भाग्य स स्वर्गवास हो गया है तो छोटी जवान साली पर उनका परम्परागत और न्याय-सगत अधिकार है जिस किसी भी रूप म चुनौती नहीं दी जा सकती। वाह खूब ।"

मनोरमा ज्यों-ज्यो सुनती गई, त्यो-त्यों उसके हृदय रूपी गगन म

निराशा के मेघ छाने लगे। देखते देखते वे गहरे हो गये। अब तो यह जान कर उसका दिल अज्ञात उद्वेग से तड़प उठा।

हुम्" ! बलिहारी है तुम्हारे समाज और तुम्हारे विवेक की, जो उजाले से अंधकार की ओर जाने के लिये विवश करती है।"

मनोरमा के मुख पर कालिख सी पुत गई। उसने भर्राये कण्ठ से कहा— मैंने अपने मन को अच्छी तरह से टटोलकर देख लिया है। उनके प्रति मेरे मन में किसी भी प्रकार की घृणा एवं विरक्ति का भाव नहीं है। इसके अतिरिक्त शांति जीजी के बच्चों के लिये मेरे हृदय में अगाध स्नेह है—अनुरक्ती है।

बस, जीवन का इतना बड़ा निर्णय करने के लिये यही सब आवश्यक है ?"

पूछकर रम्भा ने मनोरमा की आंखों में झांका।

इस बीच उसकी आंखों में आंसू तैर गये।'

'हां। इन सब से ऊपर एक बात और भी है। उसने स्पष्ट किया— मेरे घर के लोगों का विचार है कि यदि मैं शांति जीजी का स्थान ग्रहण कर लेती हूं तो दोनों परिवारों का सम्बन्ध कदापि विच्छेद नहीं होगा और शान्ति जीजी के बच्चों की परवरिश भी ठीक प्रकार से हो सकेगी। मैं इसमें कुछ भी अनुचित नहीं लगती।

यह बकवास है। रम्भा की भृकुटियों में वक्रता घनी हो गई— 'यह अपरिपक्व मन का केवल मात्र तर्क है। इसमें कोई सार नहीं। तुम कायर हो स्वार्थी हो डरपोक हो"।

'नहीं नहीं ऐसा मत कहो।

मनोरमा एकदम टूट गई।

अब तो उसकी कातर आंखों से अविरल अश्रु धारा झड़ने लगी। उनमें थाह ना विवशता जनित दारुण चाचल्य दिखाई दिया। फिर वह रम्भा पर एकाएक इस प्रकार गिरी जैसे कोई निराधार मूर्ति गिर रही है। उसके तन में मनोरमा की दोनों भुजायें आकर लिपट गईं। तब

क्ा जाकर वह अश्रु रुद्ध कण्ठ से बोली — रम्भा ! मेरी स्थिति स म भने की कोशिश क रो।"

अगल क्षण रम्भा हृदयहीन सी बनकर उससे छिटक कर दूर खडी हो गई। उसने कर्कश कण्ठ से कहा— यह सब नाटक है।'

और पीठ मोडकर रम्भा वहा से चल दी अपनी प्रिय सखी मनोरमा को अकेली रोती छोडकर।

से तुम्हें बुलाने के लिए कहा गया है और मैं चला आया। अब तुम जैसा कहोगी, मैं वहां जाकर कह दूंगा ।"

इस पर रम्भा हँस पड़ी।

'मेरे छोटे भइया, मनोरमा से कहना कि मेरा जी अच्छा नहीं है। अब मेरे सिर में दर्द भी उठने लगा है समझे ।"

'अच्छा जी।'

वह जैसे आया था—वैसे ही चला गया। मनोरमा का यह छोटा भाई—देवू—बड़ा भोला और सीधा है। बस वह लौटकर रम्भा के शब्दों को दोहरा देगा— रम्भा जीज्जी कह रही थी कि ।'

इसके पश्चात रम्भा उस सूने घर में अकेली इधर उधर निरुद्देश्य घूमती रही। परिवार के सारे व्यक्ति प्रीति भोज में सम्मिलित होने मनोरमा के घर गए हैं।

रम्भा कभी आंगन में आ जाती है तो कभी ऊपर छत पर नजर आती है। प्रीति भोज का सम्पूर्ण प्रबन्ध भी वहां छत पर किया गया है अतः सबका उठना बैठना और खाना पीना भी स्पष्ट दिखाई पड़ रहा है। कतारें बैठती हैं। पत्तलें बिछती हैं। भोजन परोसा जा रहा है। दावत उड़ रही है। कहीं लड्डू की प्रबल मांग हो रही है तो कहीं जलेबी और पूरियों के लिए भी शोर हो रहा है। रायता और सब्जी की पूछ कम नहीं है। सचमुच यह दृश्य भी अपने आप में अनोखा है। दूर बैठी रम्भा का हठी मन भी ललचा रहा है। इस खुशी के मौके पर उसका यह असहयोग अविनय तथा अवज्ञा का भाव सर्वथा असंगत एवं अनुचित है यद्यपि

प्रातःकाल से ही वाद्य वृन्द के विभिन्न प्रकार के गीतों से वातावरण मधुर बना हुआ है। मुहूर्त के निकट आते ही वर वधू विवाह वेदिका पर लाये गये। मांगलिक गीतों की बहार छा गई। अब फेरों की रस्म पूरी की जा रही है—यह स्त्रियों के सहगान से स्पष्ट ज्ञात हो रहा है।

रम्भा अनमनी सी यह सब सुनती रही। मनोरमा के फेरे देखने की

बार आखें पोछकर आगे बढना और फिर हिचकियों की बाढ़। एक बार पुन मा न अपनी बेटी को रोते हुए चिपटा लिया।

परन्तु यह सब क्रन्दन और भाव भीनी बिदाई का दृश्य एकदम बेशर्मी म बदल गया जब बैंड वाला ने निममता पूवक बिदाई की अतिम धुन बजाई। बस वह स्वप्न हठात भग हो गया पता नहीं कैसे रम्भा एका एक व्याकुल स्वर मे रोदन करने लगी। भीतर म एक टीस सी उठी और वह उसकी भावनाओ को अशान्त एव अस्थिर कर गई। उसका क्रूर मन विगलित होकर सिमकने लगा। क्षण भर म ही वह अपना मान तथा अभिमान का परित्याग करके अपनी सहेली से मिलन के लिए दौड पडी।

परन्तु सब व्यथ! जब तक हाफती हुई वह द्वार पर पहुची, उसस पहले ही बारात विदा होकर रवाना हो चुकी थी। बस, वहा तो परिवार के अधिकाश व्यक्ति और सम्बन्धी विवाह के निर्विघ्न सम्पन्न होने के कारण बडी तप्ति एव सतोष प्रकट कर रहे हैं।

लौट कर रम्भा कटे पख की भाति अपने पलग पर गिर पडी। अत्यन्त दुखी मन स रुद्ध कण्ठ म अपन आपको कोसने लगी—'मैं भी कैसी मूख हू जो अनावश्यक हठ कर बैठी। बेचारी को अकारण ही कितना सताया है मैंने ओह! मैं नाच हूँ निर्दयी हू मैं मैं घमण्डी हू। वह मुझे कभी क्षमा नहीं करगी।

प्राय परिवार क सभी लोग रम्भा की इस व्यवहार शून्यता व प्रति रुष्ट हैं—अप्रसन्न है। तीव्र शब्दो म उसके इस अकुशल अभद्र तथा अशिष्ट व्यवहार की भर्त्सना करते हैं। उसकी सहेलियो ने तो उस मुक्त कण्ठ स भावनाहीन कठोर पाषाण खण्ड ही घोषित कर दिया। यह प्रति क्रिया स्वाभाविक है। परिणाम-स्वरूप उसने अनपेक्षित रूप से चुप्पी साध ली जिसके अन्तराल म केवल परिताप दुख और उद्वेग क अतिरिक्त कुछ भी नही है।

कुछ दिनो क लिय वह अपनी ही परिधि म घिर कर रह गई। एक प्रकार स असहाय—परवश। बस उस एकान्त प्रिय लगता। कभी कभी वह इसस घबरा उठती। भीतर ही भीतर यह एकान्तता उसे काटने दौडती।'

मन क उचटन क प्रतिफल वह उस किन्ही अजाने अनजाने स्मतियो क प्रकम्प म छोड दती जहा वह निष्प्रयोजन भटकता रहता। अपनी प्रिय सखी मनोरमा क सग बिताय क्षण व कितन अविस्मरणीय हैं हृदय पटल पर स्थायी रूप स अकित है। कुछ दर तक वह इन स्मतियो क सागर म गोता लगाकर मन को बहलाने की चष्टा करती रही। अब तो उस इस बात का बडा मलाल है कि मुसराल जान बक वह मनोरमा स भट न कर सकी। बार-बार दुबुद्धि से ग्रस्त अपन इस हठ पर उस आक्रोश उत्पन्न होता है। इस प्रसग क स्मरण मात्र स हा उसकी आग बरस पडती।

इसक अतिरिक्त सुना है कि मनोरमा को भी घर छोडत समय अपार दुख हुआ था। वह रो पडी थी। उन सबके मूल हैं उसका अनुदार

असामाजिक अमर्यादित और अनुत्तरदायित्व पूर्ण व्यवहार। इसके लिए वह अपने आपको जीवन मे कभी क्षमा नही करेगी।

निःसंदेह अपने प्रिय के दूर रहने पर उससे मिलने की उत्कंठा अत्यन्त तीव्र होती है। प्रत्येक क्षण उससे बिछुडने का कातर भाव प्रखरता के साथ सताता है। मन उडकर उसके पास पहुच जाने के लिए मचल उठता है। लेकिन सब वृथा है। यह कदापि सम्भव नही होता। इस पर अपनी विवशता का एहसास होता है। सचमुच मनुष्य कितना निरुपाय है—अशक्त है। इसके विपरीत परिस्थितिया कैसी प्रबल हैं—कैसी विषम हैं!

प्रतीक्षा!

एक छोटे-से पत्र की प्रतीक्षा!

एक छोटी सी मुलाकात की प्रतीक्षा!

अपने प्रिय की एक झलकी देखने की प्रतीक्षा!

प्रतीक्षा प्रतीक्षा प्रतीक्षा!

इस प्रकार प्रतीक्षा करते-करते लगभग डेढ वर्ष से ऊपर हो गया। अन्त मे वह निर्मोही एक दिन लौटकर आ गई जिसने भूलकर भी उस एक पत्र तक क्षेम कुशल का नही लिखा था। उसके लिए चित्त चचल हो उठा। मिलने के लिए हृदय आतुर हो गया। वह तनिक व्यवस्थित होकर चल पडी।

परन्तु आश्चर्य!

वहा जाकर ज्ञात हुआ कि मनोरमा बहुत कुछ बदल चुकी है। क्या आकृति क्या प्रकृति दोनो मे ही विस्मय जनक परिवर्तन हो गया है। शरीर उसका पहले से भी अधिक मोटा और फूला फूला सा लगता है। सावला अधिक चेहरा कमनीय निखर आया है। उसमे विशेष लुनाई की मोहकता झलक रही है। मोटी मोटी आखो मे सतोष एव सुख की अम्लान चमक है। जो सामान्य गृहिणियो मे प्राय देखी जा सकती है। उसकी गोदी में एक पाच माह का चाद का टुकडा है जिस पर वह अपने प्राण निछावर करती है।

उसके हृदय का हार—ममता का एक मात्र अधिकारी।

घर पहुंचने पर मनोरमा ने सामान्य शिष्टाचार के नाते रम्भा का स्वागत किया। उसमें अब वह तड़प नहीं—आत्मीयता नहीं। लगता है मानो दर्शनाभिलाषी नेत्रों की प्यास कभी की बुझ चुकी।

स्पष्ट है कि रम्भा इन सबके लिए कदापि तैयार नहीं थी। यह ठण्डा ठण्डा सा मिलन और उस पर ये उखड़ी उखड़ी सी बातें। उसकी भावुकता एकदम नष्ट हो गई। सपने चूर चूर हो गये। उत्साह पर तुषारापात हो गया। बातों से विदित हुआ कि मनोरमा अपने अतीत को पूरी तरह विस्मरण कर चुकी है। वह अब वर्तमान में जीती है। अपने भोगे हुए यथार्थ में भाव मग्न है—आत्म-लीन है।

निराश होकर रम्भा लौट पड़ी।

क्या रखा था उस सूनी प्रतीक्षा में? रम्भा ने अपने आप से एक प्रश्न पूछा।

तभी वह बुझा बुझा सा दिल पश्चाताप की वेगवती धारा में बह गया।

लो वह भ्रम भी टूट गया।

अब ?

कई दिनों तक वह पूरी तरह अशान्त एवं अस्थिर सी रही। एक विचित्र प्रकार के तनाव को अनुभव करती रही। परन्तु जब उसे यह मालूम हुआ कि मनोरमा उससे भेंट किए बगैर ही अपनी ससुराल चली गई तो उसके दिल पर एक गहरी ठेस लगी। इस पर वह विक्षोभ से भरी निश्वास लेकर रह गई। इस प्रकार के अमैत्री पूर्ण व्यवहार की उसने स्वप्न में भी कल्पना नहीं की थी।

धीरे धीरे मनोरमा के प्रकरण को वह भूल गई। उसने भी सोच लिया कि मनोरमा नाम की लड़की कभी उसके जीवन में आई थी और चुपके से कहीं चली गई—बस।

कुछ मास निश्चित तथा घटना रहित बीत गये। सामान्य जीवन धारा

बहती रही। उसम किसी प्रकार का अवरोध उत्पन्न नहीं हुआ। आक स्मिक उल्लास और अप्रत्याशित आनन्द के प्रभाव से रम्भा के मन की कली खिली खिली सी रही।

किन्तु एक साधारण सी बात के कारण इसमे इतना बडा भावान्तर आगया।

इसम कोई सन्देह नहा है कि मध्य वित्त परिवार के एक साधारण घर मे एक जवान बडी आयु की लडकी एक समस्या बन जाती है। वह अपने मा बाप के लिये नही, बल्कि मोहल्ले वालो के लिय भी चिंता का कारण है। प्राय घूम फिरकर उसी के ऊपर चर्चा चल पडती है। लगता है जसे पड़ौसी उसके प्रति अपना दायित्व भली भाति जानत है। उसको निभाने के लिए भी व रात दिन तत्पर रहते है।

माता पिता को उसकी प्रत्येक बात नई लगती है। उसका प्रत्येक काय नया प्रकाश लिय हुए ज्ञात होता है। उसके विचार एक एमी चिंगारी मालूम दते हैं जो कभी घास की ढेरी म लगकर सवनाश कर सकते हैं। एसी स्थिति म उनका आशकित होना स्वभाविक है। यदि उनकी दृष्टि सन्देह पूण बन जाता है तो इसम आश्चय क्या! वह हर घडी उसका पीछा करती रहती है। कालान्तर मे उनका व्यवहार अत्यत शुष्क और स्नेह रहित हो जाता है। इस कारण स उसके उठन बठन मे लेकर चलने फिरने और पहनन ओढने पर अनावश्यक तथा असामयिक प्रतिब ध सा लग जाता है। वास्तव म यह असामाजिक और कृत्रिम वाता वरण किसी के लिये भी सहनीय नही है। निश्चय ही यह प्रगति म बाधक है। तब परस्पर तनाव पैदा होता है और टूटने तक की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। विडम्बना तो यह है कि दोनो विवश हैं—असहाय हैं। निराकरण खोजने के प्रयास म वे समझौता नही कर सकते। वे एक प्रकार से असमथ हैं—निरुपाय हैं।

इसी सन्दभ मे एक दिन माता पिता वाद विवाद म उलझकर रह गये। वे दूसरे पक्ष से पूछे बिना ही कोइ निणय कर लेना चाहते हैं।

अगले ही क्षण मां का तीखा कण्ठ-स्वर ध्वनित हो उठा— आप तो बेटी को क्वारी घर में बठाये रखना चाहते हैं।

पिता ने प्रतिवाद किया— तुम तो बेकार में बात का बतंगड़ बना देती हो। नया जमाना है। इस पर पढ़े लिखे लड़के व लड़कियां हैं। इस सम्बन्ध में उनकी पसन्द नापसन्द जान कर लेना नितान्त आवश्यक है।

यह सब बकवास है। —गृहणी के कण्ठ में सहसा रोष प्रतिध्वनित हो उठा— आप को कुछ ख्याल भी है रम्भा की आयु तईस वर्ष के लग-भग हो चुकी है।

वो सब तो ठीक है मगर।

बस गृह स्वामी की तर्क करने की शक्ति हठात क्षीण हो गई। उन्होंने बड़ी दयनीयता के स्वर में कहा— देखो मेरी एक मात्र इच्छा यह है कि रम्भा के लिये वर विधुर न हो—बस।

विधुर विधुर विधुर हुंम। —गृहणी निर्ममता पूर्वक बरस पड़ी — इसमें क्या बुराई है— तनिक बताओ सही? केवल एक बच्ची के बाप ही तो है। आयु भी इतनी अधिक नहीं फिर?

क्षण भर ठहर कर वे पुनः कहने लगी— यह घर वर भी बड़ी कठिनाई से मिला है। याद है तुम्हें हमने रम्भा के लिए किन किन लोगों की खुशामद नहीं की। कईयों के सामने तो नाक तक रगड़नी पड़ी। हाथ जोड़कर निवेदन तक कर लिया। लेकिन इस पर भी नहीं माने। कोई दहेज में स्कूटर मांग रहा है भले ही उसे चलाना भी नहीं आये। कई लोगों की फरमायश हैं कि हम रेडियोग्राम मिले। कुछ दस तोले असली सोने के गहने की मांग पेश कर रहे हैं चाहे उनके घर में सोने का एक छल्ला भी न हो। वाह! उनके साहबजादे पढ़ लिख क्या गये जैसे लड़की वालों पर एक एहसान कर गये भले ही वे बेकार हो निठल्ले हो। और तो और कुछ ऐसे भी लालची देखने में आये हैं, जो पढ़ाई का खर्च भी लड़की वालों से ही वसूल कर लेना चाहते हैं।

इस उग्र रूप के समक्ष गृह स्वामी का विरोध भी ठहर न सका। वे शीघ्र ही निरुत्तर हो गए निश्चय ही आज भी समाज मे ऐसे प्रतिक्रिया वादी लोभी मनोवृत्ति के व्यक्तियो की बहुलता है, जो अपने क्षुद्र स्वार्थों के पीछे नवीन भावनाओ और विचारो का कटु तिरस्कार करते है।

यद्यपि इस रोष अग्नि की एक चिंगारी, जो गृहणी मे कही दिखाई दी थी, उसका सम्पूर्ण प्रभाव तो दूसरी ही जगह दिखाई दिया। इस अग्नि का एक व्यापक एव विनाशकारी रूप ! उसका गुप्त आकस्मिक आविर्भाव हुआ एक निडर कुमारी के अन्तस्तल मे, जिसमे कुवारे सपना और अभिलाषाओ के सुमन मुस्करा रहे हैं।

" विधुर एक बच्ची के पिता आयु मे बडे हुम !"—रम्भा क्रोध मे बडबडाई—' इसका प्रतिकार लेना पडेगा। आज की शिक्षित लडकी की आशाओ की होली जलाने वालों को उचित दण्ड मिलेगा। उसके कुवारें सपनो को चूर चूर करने वालो को ।"

मुझे अन्दर से एक रजाई ला दें। —व्यग्र स्वर अन्त में आकर टूट गया।

'क्या ?'

रम्भा की बड़ी-बड़ी आँखें कौतूहल से भर उठीं।

'सुबह से ही तबीयत कुछ गिरी गिरी सी लगती है।'—धीरे धीरे केदार बोला—'कुछ ठण्ड सी महसूस हो रही है।"

'हैं।'

रम्भा पर विचित्र प्रतिक्रिया हुई। वह फुर्ती से उसके पास आई और कलाई पकड़कर चिंतित भाव से बोली—'अरे, आपको तो बुखार है चलिए उठिए, पलंग पर लेट जाइए।'

इतना कहकर केदार का हाथ खींचते हुए उसने उठाने का प्रयास किया।

केदार ने एक आज्ञाकारी की भांति गर्दन झुका ली। परन्तु रम्भा के स्पर्श और सान्निध्य के कारण उसके तपते तन में एक विद्युत लहर सी दौड़ गई। रोम रोम पुलकित हो उठा।

'आह।'

बिछावन में आकर केदार ने एक कराह के साथ आंखें बन्द कर लीं।

वह नही मक्ते कि केदार सोकर जागा है। इस पर भी पूरी तरह जाग्रत नहीं है। अर्ध-स्वप्न की सी स्थिति है। सारा शरीर अवसन्न जान पडता है—एक जडता से भरी अवसन्नता।

तभी केदार की आवाज आती है—"मा।

बीच म रम्भा बोल उठती है— पानी चाहिय क्या ?'

हा। पानी ही चाहिए।' —केदार उत्तर देता है।

रम्भा गिलास म पानी भरकर देती है।

'कौन आप ?'

आश्चय चकित हो केदार देखता रह जाता है। कसा पीला हो गया है मुह। बाल बिखरे हुए हैं। रात्रि जागरण के कारण पलकें बोझिल हैं। उनके चारा ओर काला-सा घेरा है। पूरा वदन शिथिल नाल हो रहा है इस सेवा परायण रमणी का यह दलथ क्लान्त स्वरूप बहुत ही मनोहर लग रहा है।

'आ आप आपने मेरी वजह स सारी रात कष्ट उठाया इसके लिए ।

केदार का कण्ठ विगलित हो गया। इसके अतिरिक्त उसकी आखा मे आँसू चमक आई। रम्भा अवाक रह गई। ये आसू कृतज्ञता के हैं अथवा अपरिमित स्नेह के—कह सकना कठिन है। अनजाने ही उसकी नस नस म एक सिहरन की लहर तरगित हो गई।

पानी का एक घूट पीकर केदार पुन लेट जाता है। खिड़की म से छनकर आने वाली प्रभात की धूप को वह एक टक निहारता है।

रम्भा वापिस सिरहाने बैठ जाती है। पता नहीं जाने क्यों आज केदार के बिखरे कुन्तल से खेलने के लिए उसका जी चाह रहा है। उनमें उंगलियां चलाकर सहलाने का मन कर रहा है। केदार आंखें मूंदे सो रहा है। उसकी इच्छा कर रही है कि सम्पूर्ण मुख पर अपने आंचल की छांह कर दे। केदार की मंद मन्द सांस चल रही है। हृदय तो इन सांसों की हथकड़ियों में कैद हो जाने को एक प्रकार से व्यग्र जान पड़ता है।

यह अप्रत्याशित भावोन्मेष यह आकस्मिक आत्मीयता का प्रवाह जो चांदनी के सदृश्य समस्त अन्तःकरण को आलोकित कर रहा है।

छि छि ।

अकस्मात रम्भा का मन ग्लानि से भर उठा—यह सब मिथ्या है—एक प्रकार की छलना। निश्चय ही वह एक भ्रामक कल्पना है जिसके द्वारा केवल मात्र अपनी मूर्खता का ही परिचय दिया जा सकता है। ऐसा सोचना निस्सार है निरर्थक है निराधार है।

मां।

केदार ने आंख खोलकर पुनः पुकारा।

सचेत होकर रम्भा उठ गई। उसने उतावली में कहा—अभी मैं उन्हें भेजती हूं।

केदार चुपचाप पड़ा शीघ्रता में जाती हुई रम्भा की पीठ को टक-टकी लगा कर देखता रहा।

थोड़ी ही देर में माजी और बब्बी दोनों आ गये। रम्भा किसी काम के कारण पीछे रुक गई।

दोनों के नेत्र आकस्मिक प्रसन्नता से उल्लसित हैं। बेटे के प्रति माजी के मन में अपार ममत्व का भाव है। ज्योंही वे बेटे के पास आईं, उनका चेहरा अपूर्व आनन्दोल्लास से खिल गया। उन्होंने केदार के उठने में सहायता करने का आग्रह किया तो वह मना कर गया।

अब मैं ठीक हूं मां। केदार ने कहा—चिन्ता की कोई बात नहीं।

अच्छा ! '

लगा, जैसे माजी आश्वस्त हो गई।

कन्नार पलग पर अधनटी दशा म तकिये का सहारा लेकर बैठ गया। वही उसकी गोदी म आ गई।

'बाबूजी !'

वह बड़े प्रेम से उसके सिर पर हाथ फेरने लगा।

'बाबूजी ! आपको पता है कि कल रात दादा माँ ने खाना ही नहीं खाया ।

'अच्छा !'

माजी की आँखों म हठात मातृ-मोद की छाया गहरी हो गई। वे स्नेह विह्वल कण्ठ से कहने लगीं— असल मे बात यह हुई कि तुम्हारी इस ज्वर की अवस्था मे अपने आपको अकेली पाकर रम्भा एकदम घबरा गई। वह मुझे कहाँ से बुलाये ? मैं किस पड़ोसन के घर म हूँ—इसे कुछ भी ज्ञान नही ? इसके अलावा वह बुलाये भी तो किस के द्वारा ? बड़ी जटिल समस्या इसके सम्मुख खड़ी हो गई। वह घबराहट म द्वार के पास आती और इधर उधर झाँककर निराश लौट जाती। अचानक सामने के घर म बैठी मैंने उसकी व्यग्रता भली भाँति ताड़ ली। खिड़की म से देखने पर उसका उदास चेहरा मेरी निगाहों से छिप न सका।

द्वार पर ही भेंट हो गई। मैंने पूछा—'क्या बात है रम्भा ?

'जल्दी चलिये माजी ! केदार बाबू की तबीयत ।

बस विराम। उसका रुद्ध कण्ठ मध्य म अटक गया।

हैं

' मैं अचानक अज्ञात भय स सिहर उठी। तुम्हें अचेतावस्था मे देखा तो होश उड़ गये। अविलम्ब एक पड़ोसी लड़के द्वारा डाक्टर साहब को बुलाने भेजा। उन्होंने इजक्शन और गोलियाँ देकर हमें आश्वस्त किया ।

इतना कहकर माजी रुक गईं। क्षण भर पश्चात् वे पुन बोलीं—

"कुछ देर के लिये तुम सन्निपात की दशा में बडबडाने भी लगी। हम बड़ी चिंता हुई। अन्त विवश हो फिर डाक्टर काटजू की शरण में जाना पड़ा। डाक्टर वे बोले— यह सब तेज बुखार के कारण है। मैं नींद की गोलियां देता हूं। इसके पश्चात शान्ति हुई। हमने चैन की सांस ली।

रम्भा चाय की प्याली लेकर आई। उसने केदार के हाथ में थमा दी।

देखते देखते माजी के नेत्र श्रद्धा और स्नेह के अतिरेक से अभिभूत हो गये। वे भाव गद्गद् कण्ठ से बोला— सचमुच रम्भा! केदार के लिये तुम जो कुछ कर रही हो इसके लिये मैं ऋणी हूँ।'

रम्भा किंचित सकपका गई। उसने देखा—माजी के वृद्ध नयनों में निश्छल अनुराग का समुद्र लहरा रहा है। उनका सम्पूर्ण मानस कृतज्ञता के पावन रंग में अतिरंजित है। उसका प्रतिबिम्ब उनके मुख मण्डल पर स्पष्ट झलक रहा है।

चलते चलते उसने सकोच-पूर्वक कहा— इसमें प्रशंसा योग्य कोई बात नहीं है माजी! आप मुझे मु भ !'

वाक्य अधूरा छोड़कर रम्भा द्वार की ओर फुर्ती से बढ़ गई।

अब माजी स्वयं कह कर बोला— बस मैं तो रम्भा के इन गुणों को देखकर चकित हूं—मुग्ध हूं। कितनी गुणवती है—कितनी शालवती है। वास्तव में जिस घर में जाएगी भगवान की कृपा से वहां सौभाग्य का सूर्य ।

इस बात केदार का चेहरा मलिन हो गया। पता नहीं हृदय की किस भाव-तरंग ने उसे सहसा मलिन कर दिया।

'क्या तुम हमे छोडकर चली जाओगी मौसी ?"

उस दिन बबी के मुह से यह प्रश्न सुनकर सहसा रम्भा स्तब्ध रह गई।

बालिका ने एक मम स्पर्शी दृष्टि डाला। इसके पश्चात वह उदास कण्ठ से मुह फुलाकर बोली— आज दादी मा कह रही थी कि चोटी मैं करूगी। मरे पास सोने की तुम्हें आदत डालनी चाहिए। तुम्हारी मौसी यहा सदा रहने के लिए थोडी ही आई है। उसे तो एक दिन जाना है।

मन भारी हो आया। ठीक ही तो है। भला ऐसे भी कहीं जीवन जिया जाता है। माजी के शब्दों म वास्तविकता का जो अनावृत रूप है, उसे रम्भा अनजाने म देखा—अनदेखा कर जाती है।

बेबी का स्वर अकस्मात ही भीग गया। उसने पूछा—'क्या तुम हम छोडकर चली जाओगी ?

रम्भा चुप। यद्यपि बालिका की आतुर दृष्टि म एक ऐसी तरलता है, जो हृदय को छू जाती है। जाहिर है कि वह अपनी अस्थिरता को दबा न सकी।

उसने भली भाति जान लिया कि अब झूठ का सहारा लेना पडेगा। अपने हृदय गत भावो पर कृत्रिमता का आवरण डाल कर और अपने उमड आये आसुओ का घूट पीकर उसने झट बालिका को गोदी म उठा लिया। एक विचित्र प्रकार की व्यथा म विक्षुब्ध और रुधी रुधी सी आवाज मे उसने कहना चाहा— मैं मैं कहीं भी नही जाऊगी

"देवी !"

"सच !"

अप्रत्याशित आत्म विश्वास तथा आकस्मिक उल्लास में बालिका मचल उठी।

"मुझे छोड़ो !"

गाड़ी में से नीचे उतरकर वह दौड़ पड़ी।

'दादी मां ! मौसी कहीं भी नहीं जाएगी ! दादी मां !'

यह अनपेक्षित स्वर जलती दीप शिखा के सदृश रम्भा की अन्तर् की गहराइयों में उतर गया।

'क्या यह सच है ?'

रम्भा अधीर हो उठी।

'झूठ ! बिल्कुल झूठ !'

वह सन्न सी रह गई, मानो ताज़े खिले फूल को किसी ने निर्दयता से मसल दिया।

'असत्य के अन्धकार में तू कब तक भटकती फिरेगी ?' उसके भीतर से एक दूसरी रम्भा चेतावनी देकर बोली।

उसका अंग अंग जल उठा। दावानल की भांति क्षोभ उसके हृदय में धू धू करने लगा।

'दूसरे को भ्रम में डालने का प्रयास निंदनीय है।' उस दूसरी रम्भा ने एक बार फिर चोट की—'एक मात्र निम्न-स्तर की कुचेष्टा है। इसके द्वारा केवल अपने अहं की परितुष्टि होती है। परन्तु छल की छाया में पलने वाला भ्रम एक दिन स्वयं के सत्व को नष्ट कर देता है—यह याद रहे।'

बस रम्भा एक प्रकार से टूट गई। पलकों की ओट छिप आंसू द्रुतगति से बह निकले। उनको रोकने का प्रयत्न निष्फल है।

वह सिसक पड़ी। आंखों में नमी सी जगी है। लगा, जैसे किसी अज्ञात कर स्पर्श से सोया हुआ भाव जाग उठा है, जिसने वस्तु स्थिति

को स्पष्ट कर दिया।

" अपने द्वारा कटे हुए पथ लेकर मैं कहा जाऊ ?" —आखें अनवरत झरती जा रही हैं। इसके विपरीत तिमिराछन्न रात्रि म विद्युत लहर क सदृश्य उस के मस्तक मे अनेक प्रश्न कौंध जाते है—"कहा जाऊ ? कैसे जाऊ ? कहा कैसे ?

टप टप टप !

' क्या मैं वापिस लौट जाऊ ? लेकिन किस मुह से ' —अपने क्षोभ को दबाकर वह सोचती है—' यह कालिख पुता मुह लेकर मैं अपने माता पिता के पास कैसे जाऊ ? ओह ! क्या अन्याय के सामने सिर झुकाऊ ? असहाय और दीन बनकर आत्म समर्पण कर दू ?

घर म चारो ओर शान्ति है। न कोई कोलाहल है न मौन को भग करने वाला स्वर ! साझ घिर आई है। उसकी मटमैली छाया रम्भा के अन्त करण म असीम फैलती जा रही है। एक अजीब सी घुटन महसूस हो रही है। ऊब से जी घुटा जा रहा है।

रम्भा उठकर कमरे की बत्ती जला देती है। दूधिया प्रकाश फैल जाता है। वह धीरे धीरे कमरे म इधर उधर बडी बेचैनी से घूमती है। उसकी आखों म आसू सूख गये हैं। लेकिन एक प्रश्न बडी तीव्रता से उसे कुरेद रहा है—आखिर वह किस दिशा की तरफ बढे ?

स्पष्ट है कि इस समय अपने भविष्य के बारे म निश्चित रूप से कुछ भी कह सकना कठिन है। अपनी खोई हुई दिशाओं म से पथ खोजना अत्यन्त दुष्कर है। सबसे अधिक इसमे बाधक है नारी सुलभ दुर्बलता। इसके अतिरिक्त बन्धन है मन की कुठायें जो गहरे अधेरे म छिपी पडी हैं। जितनी वह सोचती है वे उतनी ही भयावनी लगती है। इस कुहराछन्न वातावरण और प्रतिकूल परिस्थितियों म ही प्रकाश किरण

बस विराम ! रम्भा के विचारो की शृखला अचानक टूट गई। उसे शून्य म कोई विश्वसनीय प्रकाश रेखा दिखाई पडी, जिसके प्रभाव

से हृदय का कोलाहल शान्त हो जाता है। मन का उद्वेग मिट जाता है। लगता है मानो वह अनिणय और असमजस की अवस्था अपने समस्त विकार लकर समाप्त हो गई है ।

आज रम्भा ने प्राय दृढ प्रतिज्ञ मन स निश्चय कर लिया। अब तो गह-स्वामिनी स आज्ञा लेनी ही पडेगी। उसके लडखडाते पर नया साहस पाकर द्वार की ओर बढ गय।

तभी गली म आकर तागा रुका। उसम स एक भद्र पुरुष उतरे। उन्होने वृद्ध गले से थके हुए स्वर म आवाज लगाई।

केदार बाबू । केदार ।

रम्भा के अस्थिर पर सहसा डगमगाय। इसके पश्चात वे गतिहीन और अचचल हो गय।

रम्भा चौंक पडी। आवाज परिचित सी लगी। मगर एकाएक विश्वास नही हुआ। आखो म तीव्र जिज्ञासा का भाव लकर उसने बाहर की तरफ देखा। सब स्पष्ट हो गया। दिल बैठ गया। हृदय की धडकनें डूबने लगी। हठात चक्कर सा आ गया। चीख छाती म घुटकर रह गई।

बस अगले क्षण वह अपना सिर थाम कर बैठ गई।

जब वे भद्र पुरुष भीतर कमरे मे आते हैं तो इस बीच रम्भा खूब रो चुकी है। एक प्रकार से उसकी हिचकियां बध गई हैं। विचित्र-सा सूनापन उसकी मन की घाटियो म घिर आया है जिसके अन्तराल में हृदय-कम्प भय भी सम्मिलित है। इस म वह अकेली आपाद मदन डूबती जा रही है।

'रम्भा !'

इस स्नेह सिक्त स्वर को सुनकर वह काप उठी लगा जसे सकडो विच्छू एक साथ डक मार गये हैं।

वे आगे बढ़े ! करुणा प्लावित हो उसके सिर पर हाथ फेरते हैं।

रम्भा बराबर रोती रही। मुह खोल कर एक बात भी उसने नही कही। बस आसुओ म उनका धुधला चेहरा तिर गया।

बडे कोमल भाव से रम्भा की पीठ को सहलाते हुए उन्होने आश्वासन दिया – 'रम्भा बेटी ! तेरी इच्छा के विरुद्ध कुछ भी नही होगा। निश्चिन्त रहो !"

रम्भा ने दोनो हथेलियो के बीच अपना मुख ढक लिया। उसकी अश्रु सिक्त कातर आखें अपराध भावना से अभिभूत हैं जिन्हे वह पिता की दृष्टि से छिपा लेना चाहती है।

विशेष चिन्ता की बात नही।' वे बोले— सब ठीक ठाक हो जायेगा। मैं तुम्हारी मा को अच्छी तरह समझा चुका हूं।

रम्भा भय व्याकुल, त्रस्त ! लगा मानो उस की जीभ को अकस्मात् लकवा मार गया।

पिता समझ गए कि बेटी को बिलकुल एकान्त चाहिए। उनके अप्रत्याशित आगमन ने उसे पहले से कहीं अधिक अस्त-व्यस्त कर दिया है। इस बीच वह अपनी अव्यवस्थित मानसिक स्थिति को किसी सीमा तक पुनः सामान्य कर सके।

वे लौट आए।

अधिक रहना सम्भव नहीं है—इस आशय की सूचना वे कन्नार को स्पष्ट दे चुके हैं। अतः कल की गाड़ी से जाना पड़ेगा—यह निश्चित है। रात को बहुत देर तक केन्नार के साथ बातचीत हुई। उसमें विस्तार पूर्वक सम्पूर्ण घटना सुनी। इसके पश्चात् वे कहने लगे— यद्यपि आप का तार मुझे यथा समय मिल गया था परन्तु कार्यवश शीघ्रता में न आ सका। इसके अतिरिक्त जब यह बात हो गया कि रम्भा आपके संरक्षण में सकुशल पहुंच चुकी है तो सारी चिन्ता मिट गई ।' मैं जानता हूं।

कदार मैत्री भाव से मुस्कराया।

निश्चय ही आपका स्नेह भरा आश्रय पाकर वह बच गई। यह आपका बहुत बड़ा उपकार है मेरे परिवार के ऊपर। इस ऋण की पूर्ति हम जीवन पर्यन्त कभी नहीं कर सकेंगे । सचमुच एक बहुत बड़ी दुर्घटना होनी होती रह गई।

आप मुझे व्यर्थ में लज्जित कर रहे हैं। —संकोचवश कन्नार ने कहा।

आज सवेरे से ही पूरे घर में विचित्र प्रकार की नीरवता छाई हुई है। न कोई कोलाहल—न कोई स्वर। जैसे सारी वस्तुयें निष्प्राण हैं। इस निर्जीव वातावरण के बीच कुछ जीवित प्राणी भी अस्वाभाविक ढंग से सांस ले रहे हैं।

माजी अपने आपको आश्चर्यजनक तरीके से गृहस्थी के दैनिक काम काज में लगाये हुए हैं। पता नहीं उनके अन्दर ऐसी नियात्मक गति शीलता कहां से आ गई! होंठ चुप है, मगर हाथों और पैरों की फुर्ती

विस्मित कर जाती है। उन्हे एक पल के लिय किसी से बात करने की भी फुसत नहीं।

केन्नार मात्र अतिथि के संग व्यस्त है। उन्हें अकेला भी छोडा नही जा सकता। यह शिष्टाचार और साथ ही सभ्य व्यवहार के सवथा प्रतिकूल है।

रह गई है केवल बेबी, जो मात्र कौतुक का भाव अपनी भोली भाली आखो म लिये सब कुछ देख रही है। साहस नहीं हो रहा है किसी से पूछने का। एक दो बार दादी मा से पूछने की उसने कोशिश भी की, किन्तु उनका मौन मुख मुद्रा इतनी कठोर है कि वह इन साधारण प्रश्नों से भग होने वाली नहीं है।

बालिका उदास और निराश अपनी मौसी के पास लौट आई।

रम्भा की आखें सूजी हुई हैं। स्पष्ट है कि वह रात भर जगी रही। पलकें बोझिल है। उनकी गहराइयों म काली छाया घनी हो गई है। पपडी जमे होठो पर हृदय की अव्यक्त वेदना की थरथराहटें उद हैं। अशान्ति मस्तिष्क को त्रस्त बनाये हुए है। उसकी अधेरी कन्दराओं में भय के मनहूस उल्लू चीख रहे हैं।

बेबी को देखा तो सहसा उसके हृदय मे ममता का भाव उमड आया। उसने रुद्ध कण्ठ से कहा— इधर आओ बेबी।'

बेबी इस अनपेक्षित निमत्रण को अस्वीकार न कर सकी। स्नेह भरे आग्रह को वह टालने भी नहीं—यह स्वाभाविक है।

गोदी म बालिका को खीचकर रम्भा उसके कपोलो आखो और होठो को आवेग म चूमने लगी। बेबी चकित विस्मित! वह एकाएक उसके इस भावातिरेक को समझ न सकी।

कुछ विलम्ब के पश्चात उसने अपने मनका वह प्रश्न पूछा जो कुछ देर से उसे परेशान कर रहा है।

मौसी! बापूजी के पास जो बैठे हैं वह कौन है?

व वे! —रम्भा की आखे हठात छल छला आईं— व

वे मेरे पिता हैं।

"अच्छा!"

बालिका प्रसन्न हो गई। उसे उपयुक्त उत्तर मिल गया। पुन सोचकर उसने पूछा—'तब फिर मेरे क्या लगे?'

तेरे...।

रम्भा के ये शब्द मुंह ही मुंह में ध्वनित हो कर रह गये। सम्भवत यह प्रश्न उसकी कल्पना के विपरीत है।

आखिरकार विदा की घड़ी भी निकट आ गई। रम्भा यन्त्र चालित पुतली की भांति पिता के निर्देश के अनुसार तैयार हो गई। चेहरे पर कोई अनिर्वचनीय अवसाद की परत सी जम गई है जो हृदय द्रावक है। केदार के परिवार में माजी बेबी और स्वयं केदार का औदास्य भाव तथा द्रवित मन स्थिति उल्लेखनीय है।

माजी के सीने से लगकर तो रम्भा फूट फूट कर रो पड़ी। लगा, माना अपनी जननी से विदा होकर कहीं दूर जा रही है। वृद्ध की आखों में सावन भादों की झड़ी। मुंह से शब्द तक फूट नहीं रहे हैं। वह तो कातर स्वर में रुदन करने वाली इस दुखी रम्भा की समस्त व्यथा अपने आंचल में समेट लेना चाहती हैं।

कुछ देर के पश्चात् वे आंसुओं के साथ अनुरोध कर बैठी—'बस, हम भी कभी कभी याद कर लेना बेटी! यह सोच लेना कि एक घर तुम्हारा यहां पर भी है। यदि सम्भव हो सके तो कभी भूले बिसरे हम भी सम्हाल लेना।'

अब आंसुओं की गंगा जमुना के मध्य मिलकर एकाकार हो गई। वहां किसी का स्वतन्त्र अस्तित्व नहीं। चारों ओर सुविस्तृत पुण्यमयी भागी रथी की पावन व शान्त जल धारा। इसके पावन संगम पर प्रेम श्रद्धा, और भक्ति के सुमन खिलते हैं।

सारा मन से माजी ने उसे बिदा किया। रम्भा तो उनसे अलग होना भी नहीं चाहती है। बार-बार कातर भाव लेकर उनसे लिपट जाता

है। उन्होंने हृदय थामकर समझाया, तब वहीं लौटी।

केदार उद्विग्नता हो बरामदे म खडा है। उसके भाल पर स्वेद कण चमक रहे हैं। अश्रु मुखी रम्भा की रोक कर उसने कहा—"सुनिये।"

अकस्मात् रम्भा के पैर जहा पर थे—वहीं पर रह गये। दृष्टि एक बार टकराई। आखें हठात् नमित हो गईं।

यह लिजिए आपका फोटू!'— निर्जीव सी मुस्कान केदार के अधरो पर खेल गई।

अश्रु पूरित आखो की दृष्टि एक क्षण मे मेंप्रश्न हो गई, इस कारण से केदार ने स्पष्टीकरण किया।

सम्बन्ध करने के उद्देश्य से आपके पिता न यह फोटू मेरे पास भिजवाई थी। परन्तु इस बीच आपने यह सम्बन्ध घृणा एव विरक्ति के अतिरेक मे ठुकरा दिया। माता पिता न अधिक दवाव डाला तो आप घर छोड कर भाग गई ।

रम्भा तो जसे रसातल मे चली गई। यह कैसा रहस्य है ?

चूकि मैं पहले ही आपका फोटू दख चुका था, इसलिय मैंने आपको ट्रेन मे भली भाति पहचान लिया और और खर! वह हतभागा इन्सान मैं ही हू जिसके प्रति आपके हृदय मे अपार घृणा है यदि कोई अनजाने म भूल हो गइ है तो तो क्षमा क्षमा ।

मध्य म केदार का कण्ठावरोध हो गया। वह आगे कुछ भी बाल न सका।

सुनकर रम्भा तो पत्थर की जड शिला बन गई। रक्त प्रवाह धम नियो म रुक सा गया।

तभी बेबी कमरे मे स भागकर आ गई। वह रम्भा के परो से लिपट गई।

'तुम न जाओ, मौसी! —रुआई सी होकर वह बोली।

सब स्तब्ध चकित!

रम्भा ने केदार की ओर दृष्टि निक्षेप किया ।

पास आकर केदार धीरे से बोला— 'जाने दो बेबी ।'

'नहीं । मौसी ! मुझे छोडकर मत जाओ ।'

यह आवाहन इतना मार्मिक है कि रम्भा के पैर तिल मात्र भी हिल न सके ।

'मौसी ! अगर तुम चली जाओगी तो कौन मेरी चोटी करेगा ? कौन रिबन बाँधेगा ? कौन खाना खिलाएगा ? कौन कहानी सुनाएगा ? कौन पास सुलायेगा ? मत मत मत जाओ मौसी ।'

इसके साथ बालिका का करुण क्रन्दन फूट पड़ा ।

बेडियाँ !

जैसे रम्भा के पैरों में मोटी मोटी लोहे की बेडियाँ पड गई हैं । काट सकेगी उन्हें ? इतना साहस है ।

अब केदार इस हृदय विदारक दृश्य को देख न सका । उसने विगलित कण्ठ से कहा— 'बेबी ! जाने वाले को रोकते नहीं बेटे !'

रम्भा अपने आपको नियंत्रण में न रख सकी । हृदय में उमड आई वात्सल्य की सरिता में निर्बाध बह गई । यह द्रवित भाव उसके मन की अस्थिरता को दबा न सका । उसने बेबी को झट अपने अंक में ले लिया । अश्रु सिक्त कपोलों को बड़े प्यार से चूमकर वह विक्षिप्त सी अवस्था में बोली— 'मैं तुझे छोडकर कहीं भी नहीं जाऊँगी बेबी ! बस, कहीं भी नहीं कहीं भी नहीं ।'

इसके पश्चात भावावेश का रुका रुका बाँध एक धक्के से टूट गया ।

OOO

रम्भा ने केदार की ओर दृष्टि निक्षेप किया।
पास आकर केदार धीरे से बोला— "जाने दो बेबी।"
"ना। मौसी! मुझे छोड़कर मत जाओ।"
यह आवेदन इतना मार्मिक है कि रम्भा के पैर तिल मात्र भी हिल न सके।
"मौसी! अगर तुम चली जाओगी तो मेरी चोटी कौन करेगा? कौन रिबन बांधेगा? कौन खाना खिलाएगा? कौन कहानी सुनायेगा? कौन पास सुलायेगा? मत—मत—मत जाओ मौसी।"
इसके साथ बालिका का करुण क्रन्दन फूट पड़ा।
बेड़ियां!
उस रम्भा के पैरों में मोटी मोटी लोहे की बेड़ियां पड़ गई हैं। काट सकेगी उन्हें? इतना साहस है?
अब केदार इस हृदय विदारक दृश्य को देख न सका। उसने विगलित कण्ठ से कहा— "बेबी! जाने वाले को रोकते नहीं बेटे!"
रम्भा अपने आपको नियन्त्रण में न रख सकी। हृदय में उमड़ आई वात्सल्य की सरिता में निर्बाध बह गई। यह द्रवित भाव उसके मन की अस्थिरता को दबा न सका। उसने बेबी को झट अपने अंक में ले लिया। अश्रु सिक्त कपोलों को बड़े प्यार से चूमकर वह विक्षिप्त सी अवस्था में बोली— "मैं तुझे छोड़कर कहीं भी नहीं जाऊंगी बेबी! बस, कहीं भी नहीं— कहीं भी नहीं।"
इसके पश्चात भावावेग का रुका रुका बांध एक धक्के से टूट गया।

ooo